श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

क्रमांक एफ-03(97)/ला.ब.शा.रा.सं.वि./2023-24/ 628 दिनांक 03.10.2023 04

प्रवेश सूचना (Non-CUET) 2023-24

विषय: शास्त्री (बी.ए.), बी.ए. योग, आचार्य (एम.ए.) तथा एम.ए. योग, प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु।

सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों द्वारा Non-CUET **शास्त्री (बी.ए.), बी.ए. योग, आचार्य (एम.ए.) तथा एम.ए. योग, प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु** विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित लिखित प्रवेश परीक्षा में भाग लिया था। उन अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा विभाग द्वारा जारी परीक्षा परिणाम की वरीयता सूची के आधार पर संबंधित पाठ्यक्रमों में रिक्त स्थानों के अनुसार प्रवेश समिति की अनुशंसा के आधार पर प्रवेश प्रदान किया जायेगा। प्रवेश हेतु ऑफलाईन माध्यम से काउंसलिंग प्रक्रिया निम्न प्रकार से संपन्न की जाएगी:

क्र० सं०	सम्बन्धित पीठ एवं कक्ष सं०	Non-CUET शास्त्री (बी.ए.), बी.ए. योग, आचार्य (एम.ए.) तथा एम.ए. योग	तिथि	समय
01	वेद-वेदांग पीठ कार्यालय (स्वर्ण जयंती सदनम्)	1. वेद 2. पौरोहित्य 3. धर्मशास्त्र 4. प्राचीनव्याकरण 5. नव्यव्याकरण 6. फलितज्योतिष 7. सिद्धान्तज्योतिष 8. वास्तुशास्त्र	दिनांक 05.10.2023 से 06.10.2023 तक	प्रात: 10.30 बजे से अपराह्ण 04.30 बजे तक
02	दर्शनशास्त्र पीठ कार्यालय (शैक्षणिक सदनम्)	1. सर्वदर्शन 2. प्राचीन न्यायवैशेषिक 3. नव्यन्याय 4. सांख्ययोग 5. जैनदर्शन 6. मीमांसा 7. अद्वैतवेदान्त 8. विशिष्टाद्वैतवेदान्त 9. **बी.ए. योग एवं एम.ए. योग**	दिनांक 05.10.2023 से 06.10.2023 तक	प्रात: 10.30 बजे से अपराह्ण 04.30 बजे तक
03	साहित्य एवं संस्कृति पीठ कार्यालय (शैक्षणिक सदनम्)	1. साहित्य 2. पुराणेतिहास 3. प्राकृत	दिनांक 05.10.2023 से 06.10.2023 तक	प्रात: 10.30 बजे से अपराह्ण 04.30 बजे तक

प्रवेश प्रक्रिया संबंधित पीठ की प्रवेश समिति द्वारा पूर्ण की जाएगी। प्रवेश हेतु अभ्यर्थी सम्बन्धित प्रवेश समिति के समक्ष पीठप्रमुख के कार्यालय में ऑफलाईन माध्यम से अपने मूल-दस्तावेजों तथा उनकी स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियों के साथ उपस्थित होंगे। प्रवेश समिति की अनुशंसा के उपरांत निर्धारित तिथि के अनुसार ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा किया जायेगा। अस्पष्ट प्रमाण पत्रों की स्थिति में अस्थाई प्रवेश पर विचार नहीं किया जायेगा। निम्नलिखित मूल-प्रमाण पत्र को अपने साथ लेकर आना अनिवार्य होगा।

वांछित प्रमाण पत्रों की सूची-

1. विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त संस्था से दसवीं, 12वीं तथा स्नातक कक्षाओं की अंकतालिकाएं एवं प्रमाण-पत्रों की प्रतिलिपि
2. जन्मतिथि प्रमाण पत्र (मैट्रिक या तत्समकक्ष परीक्षा का प्रमाण-पत्र) प्रतिलिपि
3. मूल स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (माईग्रेशन)
4. आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण-पत्र (प्रतिलिपि)
5. आधार कार्ड की प्रतिलिपि (प्रतिलिपि)
6. **मूल स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र (केवल एम.ए. योग कक्षा हेतु)**

नोटः प्रवेश हेतु अभ्यर्थी शैक्षणिक विभाग कक्ष सं0 09 में सम्पर्क करें।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपिः- सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. संबंधित पीठप्रमुख को इस आशय से प्रेषित कि वह प्रवेश समितियों के गठन हेतु जारी सूचना के अनुसार विभाग से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया को नियमानुसार पूर्ण कर प्रवेश हेतु संस्तुत आवेदकों के फार्म सहित सूची तैयार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु तुरन्त शैक्षणिक विभाग में प्रस्तुत करने का कष्ट करें ताकि ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा करवाने की कार्यवाही की जा सके।
2. निदेशक आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं कुलानुशासक
3. पीठ प्रमुख (शैक्षणिक)
4. पीठ प्रमुख (छात्र कल्याण)
5. जनसंपर्क अधिकारी
6. उपकुलसचिव, लेखा
7. उपकुलसचिव, परीक्षा
8. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर
9. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रेषित तथा आवेदकों को एस. एम.एस. के माध्यम से सूचित करने का कष्ट करें।
10. निजी सचिव-कुलपति/कुलसचिव
11. कार्यालय आदेश पत्रावली
12. सूचना पट्ट

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

Urgent
Sh. Sachin
04/10/2023